आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 05.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज किए—एनडीए और इंडिया गठबंधन की घटक दलों के साथ बैठक जारी।

2— छत्तीसगढ़ की ग्यारह में से दस लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की—मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव में सहभागिता करने वाले अधिकारियों—कर्मचारियों का जताया आभार।

3— बीजापुर जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों से सुरक्षा बलों ने एक इनामी सहित नौ माओवादियों को किया गिरफ्तार।

3— आज मनाया जा रहा है विश्व पर्यावरण दिवस—प्रदेशभर में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम।

सरकार—गठन

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। पांच सौ तैंतालीस सदस्यों वाली लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को दो सौ बयानवे सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले दो सौ चालीस सीटें हासिल की हैं। तेलुगु देशम पार्टी को सोलह और जनता दल यूनाईटेड को बारह सीटें मिली हैं।

वहीं, इंडिया गठबंधन ने दो सौ तैंतीस सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में अट्ठारह सीटें गई हैं। कांग्रेस को निन्यानवे सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने सैंतीस सीटें जीती हैं। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने उनतीस और डीएमके ने बाईस सीटों पर विजय हासिल की हैं।

वही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोगों ने लगातार तीसरी बार एनडीए गठबंधन पर विश्वास व्यक्त किया है और यह देश के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जीत को संविधान में विश्वास और सबका साथ—सबका विकास का मंत्र बताया।

इस बीच, एनडीए नेताओं की आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर बैठक हुई। यह बैठक लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद केंद्र में नई सरकार बनाने के लिए भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिए थी।

चुनाव परिणाम—छत्तीसगढ़—01

छत्तीसगढ़ की ग्यारह में से दस लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। भाजपा ने राज्य में इस बार सिर्फ दो सीटों – दुर्ग और राजनांदगांव में ही अपने सांसदों को फिर से मैदान में उतारा था। बाकी नौ सीटों पर नये चेहरों को मौका दिया गया था। चुनाव में प्रत्याशी बदलने का पार्टी को काफी फायदा मिला। सिर्फ कोरबा सीट को छोड़कर पार्टी के सभी प्रत्याशी चुनाव में जीत हासिल करने में कामयाब रहे। यहां कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को हराया।

उधर, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को प्रत्याशी बनाया था। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और पूर्व मंत्री कवासी लखमा शामिल थे। चुनाव में न सिर्फ ये दिग्गज नेता हार गए, बल्कि कांग्रेस को अपनी बस्तर की सीट भी खोनी पड़ी। बस्तर में भाजपा के महेश कश्यप ने कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा को हराया।

छत्तीसगढ़ में इस बार सबसे बड़ी जीत मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दर्ज की।

उन्होंने कांग्रेस के विकास उपाध्याय को पांच लाख पचहत्तर हजार से अधिक वोटों से हराया। वहीं, कांकेर के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने सबसे कम वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश ठाकुर को अट्ठारह सौ चौरासी मतों से पराजित किया। प्रदेश के सबसे हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने हरा दिया। वहीं, महासमुंद में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को हराया। दुर्ग सीट से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कांग्रेस के राजेंद्र साहू को हराकर इस सीट से दूसरी बार जीत दर्ज की।

चुनाव परिणाम–छत्तीसगढ़–02

वहीं, बिलासपुर में भाजपा के तोखन साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव को हराया। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर मेनका देवी सिंह को परास्त किया। सरगुजा में भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कांग्रेस की शशि सिंह को पराजित किया। जांजगीर–चांपा में भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया को हराया।

मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव का परिणाम बेहतर रहा, ग्यारह में से दस सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। श्री साय ने कल शाम भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। गर्मी में भी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की और जनता मतदान के लिए पहुंची। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में भी एनडीए का प्रदर्शन अच्छा रहा है। लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

कैबिनेट बैठक–इस्तीफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह और अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे।

वहीं, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलकर अपना और मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौपा। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया और उन्हें नई सरकार बनने तक कार्यभार संभालने को कहा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–आभार

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा चुनाव में सहभागिता देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय और अशासकीय संगठनों, लोक सेवी संस्थाओं तथा मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न और नियोजित सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार जताया, जिन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस–01

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध जंयती पार्क में पौधा रोपण कर ''एक पेड मां के नाम'' अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोड़ों पौधे लगाने के लिए अनूठा जन–आंदोलन बनाना है।

इधर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ अपने निवास परिसर में चीकू, नीम और रुद्राक्ष का पौधा रोपा। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों और आस–पास पौधा लगाने तथा पौधों को जीवित रखने की जिम्मेदारी लेने की अपील की।

वहीं, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंत्रालय द्वारा आज "प्राकृतिक पुनरुत्पादन और बीज संरक्षण पर वॉक कम फील्ड कार्यशाला" का आयोजन जंगल सफारी में किया गया। इसमें पचास से अधिक स्वयंसेवक, पर्यावरण प्रेमी और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसी तरह, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा रायपुर के कला केंद्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में एक निजी संस्था द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने नीम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने चंदन के पौधे रोपे।

## विश्व पर्यावरण दिवस–02

कबीरधाम जिले में अमृत सरोवर स्थलों पर ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इसके साथ ही सरोवर के आसपास साफ–सफाई करते हुए जल संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को जानते हुए वर्षा जल को बचाने संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज धमतरी नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थलों, तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों की साफ–सफाई की गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, ग्रीन आर्मी के सदस्य, प्रेस प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने श्रमदान किया।

उधर, बस्तर वनमंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## धमतरी–जल जगार उत्सव

जल जगार अभियान के तहत आज धमतरी जिले के ग्राम कन्हारपुरी में रेलवे विभाग द्वारा साढ़े पांच एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले तालाब गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों नेे शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि जिले में भू–जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, ऐसे में रेलवे द्वारा तालाब गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य कराने से जल संरक्षण में सहयोग मिलेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे धान के बदले कम पानी वाले फसलें जैसे – दलहन और तिलहन लें।

इस मौके पर रेलवे बोर्ड के अधिकारी सूरज प्रसाद ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि हम कन्हारपुरी गांव को एक सुन्दर तालाब दे सकें, लेकिन इसे संभालना सबकी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने बताया कि साढ़े पांच एकड़ में बन रहे इस तालाब के किनारे पौधों का रोपण भी

किया जाएगा। इस अवसर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी दी गई।

माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर जिले के मद्देड़ और फरसेगढ़ थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने पांच लाख रुपये के इनामी सहित नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए माओवादियों पर हत्या, लेवी वसूली, सड़क काटने और आईईडी प्लांट करने जैसी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। इनके पास से विस्फोटक, जिलेटिन स्टीक, पाम्पलेट और बैनर–पोस्टर बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक मद्देड़ थाना क्षेत्र के सोमनपल्ली और बन्देपारा मार्ग से पांच लाख रूपये के इनामी माओवादी लच्छु पुनेम को गिरफ्तार किया गया।

कोयला घोटाला मामला

कथित कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की रिमांड अवधि खत्म होने पर ईओडब्ल्यू ने आज उन्हें रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने अट्ठारह जून तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मौसम

छत्तीसगढ़ में मानसून के आगमन से पहले प्रदेश के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पश्चिमी उत्तरप्रदेश से पूर्वी बंगलादेश तक विस्तारित है, जिसके असर से कल दक्षिण छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>